प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 28.12.2025 (सुबह – 0830 बजे)

मुख्य समाचार

1. झारखंड के तीन दिवसीय दौरे पर आज शाम रांची पहुंचेंगी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, जमशेदपुर और गुमला के कार्यक्रमों में लेंगी भाग, सुरक्षा के कड़े इंतजाम।

2. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार करेंगे साझा।

3. राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद ने धनबाद स्थित आईआईटी– आईएसएम में चार वर्षीय बीएससी–बीएड पाठ्यक्रम शुरू करने की दी मंजूरी, 50 सीटों पर एनटीए से होगा चयन।

4. रांची में आज से शुरू होगा वीमेंस हीरो हॉकी इंडिया लीग, शाम साढ़े सात बजे से रांची रॉयल्स और एसजी पाइपर्स दिल्ली के बीच खेला जाएगा पहला मुकाबला।
5. राज्य भर में शीतलहर और कोहरे का प्रकोप जारी, मौसम विभाग ने आज गढ़वा, पलामू और गुमला समेत छह जिलों में शीतलहर चलने का जारी किया अलर्ट।

**********************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज शाम झारखंड के तीन दिवसीय दौरे पर रांची आयेंगी। वे रांची स्थित लोकभवन में रात्रि विश्राम करेंगी। इस दौरान आज रांची एयरपोर्ट से लोकभवन तक शाम चार बजे से ऑटो और ई–रिक्शा नहीं चलेंगे। शाम पांच से रात साढ़े आठ बजे तक इस रास्ते में पड़ने वाले 75 बाइलेन को भी बंद रखा जाएगा। अपने दौरे के क्रम में राष्ट्रपति उनतीस दिसम्बर को पूर्वी सिंहभूम जिले के जाहेरथान में 22वें संथाली पारसी माहा तथा ओल चिकी लिपि के शताब्दी समारोह के समापन समारोह में शिरकत करेंगी। पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने बताया कि राष्ट्रपति के दौरे को लेकर जमशेदपुर में सुरक्षा और कार्यक्रम की सारी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं।

जमशेदपुर के बाद राष्ट्रपति सरायकेला खरसावां जिले के आदित्यपुर स्थित एनआईटी जमशेदपुर के 15वें दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान करेंगी। राष्ट्रपति अपने दौरे के आखिरी दिन 30 दिसंबर को जनजातीय बाहुल्य गुमला जिले के रायडीह प्रखंड में आयोजित अंतरराज्जीय जन सांस्कृतिक समागम समारोह कार्तिक जतरा में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी।

**********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 129वीं कड़ी होगी। कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, एआईआर न्यूज वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल एप पर प्रसारित होगा।

**********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में मुख्य सचिवों के पांचवें राष्ट्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे। उन्होंने कल भी इस बैठक की अध्यक्षता की थी। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि सम्मेलन के दौरान उन्होंने शासन और सुधारों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर गहन चर्चा की।

**********************

धनबाद स्थित आईआईटी– आईएसएम में अब बीएड की भी पढ़ाई शुरू होगी। राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद, एनसीटीई ने सत्र 2026–27 से चार वर्षीय बीएससी–बीएड इंटीग्रेटेड कोर्स की पढ़ाई को मंजूरी दे दी है। इस कोर्स में 50 सीटों पर नामांकन हो सकेगा। 12वीं विज्ञान से पास छात्र–छात्राएं इस पाठ्यक्रम में नामांकन लेने

के योग्य होंगे। इस कोर्स में विद्यार्थियों का चयन नेशनल टेस्टिंग एजेंसी, एनटीए की ओर से आयोजित प्रतियोगिता परीक्षा के स्कोर के आधार पर होगा।

**********************

राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफ़ान अंसारी ने कहा है कि सरकार स्वास्थ्य व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए प्रयासरत है। हजारीबाग में पत्रकारों से बातचीत में मंत्री ने कहा कि आम लोगों को सरकारी अस्पतालों पर यकीन बनाये रखना चाहिए और इलाज के लिए आना चाहिए।

**********************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार आज रांची में पूर्वाह्न 11 बजे राष्ट्रीय कैडेट कोर, एनसीसी के एक कार्यक्रम के तहत वीर बिरसा मुंडा साइक्लाथोन का उद्‌घाटन करेंगे। कार्यक्रम में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ भी शामिल होंगे। कार्यक्रम में भगवन बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि भी अर्पित की जाएगी।

**********************

गढ़वा जिले में बाल संरक्षण इकाई द्वारा मिशन वातसल्य योजना के तहत बच्चे के बचपन को संरक्षित करने के लिये विभिन्न तरह के कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं।

**********************

रांची में 50वीं सब जूनियर और जूनियर राष्ट्रीय योग खेल प्रतियोगिता का आगाज हो गया है। चार दिनों तक चलने वाले इस प्रतियोगिता का उद्‌घाटन रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने किया। प्रतियोगिता में देश के 27 राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों के लगभग साढ़े नौ सौ प्रतिभागी भाग ले रहे हैं।

**********************

रांची के मोरहाबादी स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह स्टेडियम में आज से वीमेंस हीरो हॉकी इंडिया लीग का दूसरा सीज़न शुरू होने जा रहा है। दस जनवरी तक चलने वाले इस प्रतियोगिता का उद्‌घाटन मुकाबला आज शाम साढ़े सात बजे से रांची रॉयल्स और एसजी पाइपर्स दिल्ली के बीच खेला जाएगा। इस प्रतियोगिता में 12 मैच होंगे, जिसमें नीदरलैंड, अर्जेंटीना और ऑस्ट्रेलिया समेत अन्य देशों के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे।

**********************

राज्य भर में शीतलहर और कोहरे का प्रकोप जारी है। सर्द हवाओं ने कनकनी और बढ़ा दी है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले 24 घंटों में ठण्ड से राहत मिलने की कोई उम्मीद नहीं है, लेकिन उसके बाद अगले तीन दिनों तक न्यूनतम तापमान में तीन डिग्री तक वृद्धि होगी, जिससे लोगों को ठण्ड से मामूली राहत मिल सकेगी। आज गढ़वा, पलामू, गुमला और लातेहार समेत छह जिलों में शीतलहर चलने का अलर्ट जारी किया गया है। इधर, घने कोहरे के कारण कई ट्रेनें विलम्ब से चल रही हैं और विमान सेवाएं भी प्रभावित हुई हैं।

**********************

और अब अखबारों की सुर्खियां

- रांची से प्रकाशित होने वाले सभी प्रमुख अखबारों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के झारखंड दौरे की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।
- हिंदुस्तान लिखता है – राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का तीन दिन झारखंड दौरा आज से, गुमला और जमशेदपुर के कार्यक्रम में करेंगी शिरकत
- प्रभात खबर की हेडलाइन है – नेतरहाट के इको संसेटिव जोन में हो रहे निर्माण कार्य, प्रशासन ने लगाई रोक
- दैनिक भास्कर ने लिखा है – कर्मचारी राज्य बीमा निगम को रांची में मेडिकल कॉलेज खोलने की नहीं मिली अनुमति, फैकल्टी पर खर्च हो गए तीन करोड़ रुपए

- दैनिक जागरण की सुर्खी है – रांची, टाटा सहित देश के 48 स्टेशनों पर ट्रेनों की परिचालन क्षमता होगी दुगनी
- अंग्रेजी अखबार द टाइम्स आफ इंडिया और हिंदुस्तान टाइम्स ने पहले पन्ने पर लिखा है– सरायकेला खरसावां जिले का चौका बना देश का चौथा सर्वश्रेष्ठ थाना।

**********************